**-प्रेस नोट-**

**जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक 18.03.2025**

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफतार-**

दिनांक 18.03.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास सिंघल मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त कुलदीप पुत्र शिवकुमार निवासी मौहल्ला खेड़ा पट्टी सूजडु थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को ग्राम वहलना के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 4482025 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 18.03.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री जोगेन्द्र सिंह ढिल्लो मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 2214/9/10 धारा 279/338/427/304ए भादवि में वारन्टी अभियुक्त राकेश पु56 रणबीर निवासी ग्राम रोनी हर्जीपुर थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 18.03.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री महेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 1685/9/12 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त ढिल्लू पुत्र अब्दुल करीम छंगा निवासी लीकड़ा पट्टी, सूजडू थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 18.03.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री नन्द किशोर शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 108/25 धारा 109/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ बुद्धन पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम भैंसी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को लोहे के पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू (घटना में प्रयुक्त ) बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्दि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना ककरौली पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 18.03.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री के. प्रसाद मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 206/24 धारा 190/191(2)/191(3)/115(2)/121(2)/132/361(2)/361(3)/352/127(2)/ बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1- सुहैल पुत्र महसूद आलम 2- राहफुल हसन उर्फ अट्टू पुत्र असफाक निवासीगण ग्राम तेवड़ा थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को ग्राम तेवड़ा बाग के मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।